सार-समाचार

उर्वरक बिक्री अधिकार पत्र निलंबित

बाड़मेर,(नि.सं.)। बाड़मेर जिले में रबी फसलों की बुवाई शुरू होने वाली है। इसके आदान व्यवस्था की समीक्षा के लिए शुक्रवार को कृषि भवन में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. आर.बी. सिंह ने बताया कि बाड़मेर जिले में अधिकांश कृषकों की ओर से डीएपी एवं यूरिया उर्वरकों का प्रयोग किया जाता है। इसको लेकर कृषि भवन के सभागार में रबी सीजन की आदान व्यवस्था के लिए समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि समीक्षा बैठक में मैसर्स सहकार एग्रो सैल्स, गुड़ामालानी के ऑनलाईन, पोस मशीन मे प्रदर्शित उर्वरकों का स्टॉक अधिक मात्रा में पाया गया। इसकी वास्तविक भौतिक स्टॉक की जांच सहायक कृषि अधिकारी गुड़ामालानी से करवाए जाने पर भौतिक रूप से भंडारित उर्वरक स्टॉक एवं पोस मशीन मे उपलब्ध उर्वरक स्टॉक में बहुत अधिक भिन्नता पाई गई। जो अनियमितता की श्रेणी में आता है। उन्होंने बताया कि इसको गंभीरता से लेते हुए बैठक में उपस्थित विक्रेता मोहम्मद फारूक से मौखिक रूप से जानकारी चाही गई, लेकिन वे संतोषप्रद जवाब नही दे पाए। इस पर मैसर्स सहकार एग्रो सैल्स, गुड़ामालानी के उर्वरक बिक्री अधिकार पत्र संख्या 508 को तुरंत प्रभाव से 14 दिवस के लिए निलंबित किया गया। संयुक्त निदेशक डॉ. आर.बी. सिंह ने बताया कि इसकी विस्तृत जांच भी की जा रही है तथा दोषी पाए जाने पर बिक्री अधिकार पत्र को निरस्त किया जा सकता है।

उप करागृह बालोतरा का निरीक्षण

बालोतारा, (नि.सं.)। उप करागृह बालोतरा का शुक्रवार को सिद्धार्थ दीप सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) बालोतरा ने औचक निरीक्षण किया। जेल निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा बंदियों से पृथक-पृथक संवाद किया तथा उनके प्रकरणों की नियमित पैरवी के लिए, नि:शुल्क अधिवक्ता स्कीम, स्वास्थ्य समस्याएं व बंदियों के कारागृह में निरूद्ध रहने के दौरान अग्रिम अध्ययन संबंधी कई विषयों पर बातचीत की व दो बंदियों के अधिवक्ता नहीं होने पर प्राधिकरण द्वारा अधिवक्ता उपलब्ध करावाने की कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान सजायाफ्ता बंदियों से भी पृथक-पृथक संवाद कर उनके अपील से संबंधित जानकारी प्राप्त की। खाने-पीने की व्यवस्था जानी व जेल प्रशासन को उनके निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कारागृह में कोई भी बंदी 18 साल की उम्र से कम का नहीं पाया गया। साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया। जेल में कुल 108 बंदी निरूद्ध पाए गए जो कारागृह की क्षमता 55 से अधिक है। अधिक संख्या को देखते हुए मूलभूत आवश्यकता की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए जेल प्रशासन को निर्देश दिए गए। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ थानसिंह, असिस्टेंट नीरज चैधरी व उपकरापाल मनोहर सिंह उपस्थित रहे।

कपड़े नहीं दिलाए, किशोरी फंदे पर झूली

जोधपुर, (कासं)। शहर के पाल रोड स्थित सीतराम नगर में किराए पर रहने वाले एक व्यक्ति की 14 वर्षीय पुत्री ने फंदे पर लटक कर अपनी जान दे दी। बच्ची ने नए कपड़ें दिलाने की मांग अपने मां पिता से रखी थी। दंपति मजदूरी करता है। घटना के समय दम्पत्ति बाहर गया हुआ था। पुलिस ने मर्ग में कार्रवाई कर शव परिजन को सुपुर्द किया। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थानाधिकारी नितिन दवे ने बताया कि मूलत: मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित जयवंतपुर हाल सीताराम नगर पाल रोड पर किराए पर रहने वाले संतोष चौहान अपनी पत्नी और 14 साल की बेटी टीना के साथ यहां किराए पर रहता है। पति पत्नी छुटकर मजदूरी करने के साथ घरों में साफसफाई और खाना बनाने का काम करता है। एक बेटा है जोकि ननिहाल में रहता है। संतोष चौहान की पुत्री टीना ने नए कपड़ें दिलाने की मांग रखी थी। तब उसे काफी समझाया गया। बाद में उसे शाम को कपड़े दिलाने के लिए राजी हो गए। शाम को संतोष चौहान अपनी पत्नी को काम पर छोडऩे गया था और वापिस आधे घंटे में लौटा तो टीना कमरें में पंखे के हुक में साड़ी का फंदा लगाकर लटकी हुई मिली। तत्काल फंदे से उतार कर अस्पताल ले गए, तब तक उसकी सांस टूट चुकी थी। संतोष चौहान की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई। शव को कार्रवाई के उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया।

कारागार में अपराधी सुधार दिवस मनाया

पाली, (नि.सं.)। उपनिदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग पाली ज्योति प्रकाश अरोड़ा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज कल्याण सप्ताह के उपलक्ष्य में दिनांक 03/10/2024 को जिला कारागार,पाली में अपराधी सुधार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभाग से कानाराम पारंगी सामाजिक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि बंदियों को समाज की मुख्यधारा से जुड़ने हेतु प्रेरित करने के साथ ही,विभाग की विभिन्न योजनाओं पालनहार आदि के संदर्भ में जानकारी प्रदान की। छात्रावास अधीक्षक संजय वैष्णव ने बन्दियों को वृद्ध पेंशन व अन्य जनकल्याण कारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इनरव्हील क्लब से बबिता फोफलिया ने महात्मा गांधी के सिद्धांत व शिक्षा की जानकारी दी। संचालनकर्ता विधिक सेवा प्राधिकरण से मांगीलाल तंवर ने नि:शुल्क विधिक सहायता,लोक अदालत आदि की जानकारी दी। कार्यवाहक उपाधीक्षक गुलाबचंद कढेला, कमलेश प्रजापत, मीना सिंघाड़िया, रंजना मूंदडा व जेल स्टाफ सोहनराम, गणपतलाल आदि मौजूद रहे।

स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा आज दो पारी में

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से 5 अक्टूबर को स्टेनोग्राफर-निजी सहायक ग्रेड द्वितीय भर्ती परीक्षा होगी। परीक्षा जोधपुर सहित 8 जिला मुख्यालयों पर होगी। परीक्षा दो पारियों में होगी। पहली पारी सुबह 9 से दोपहर 12 बजे व दूसरी पारी दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक होगी। इस बार बोर्ड ने ड्रेस कोड में संशोधन कर परीक्षा में पूरी आस्तीन की शर्ट पहनने की छूट प्रदान की है। राजस्थान सरकार ने एक बार फिर परीक्षार्थियों के लिए मुफ्त यात्रा की सुविधा का ऐलान किया है। पांच अक्टूबर को होने वाली परीक्षाओं के लिए राजस्थान रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जाएगी। यह विशेष सुविधा सभी परीक्षार्थियों के लिए है। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम ने सभी आगार प्रबंधकों को पत्र जारी कर लिखा है कि 5 अक्टूबर को होने वाली राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की परीक्षा के चलते अस्थाई बसों की व्यवस्था की जाए। ताकि परीक्षाओं को बेहतर ढंग से निशुल्क यात्रा कराई जा सके।

उपभोक्ता परेशान हुआ

जोधपुर, (कासं)। जूनी मंडी डाकघर में एक साथ तीन डाक से ज्यादा पंजीकृत नहीं होती। यह कोई डाकघर का नियम नहीं बल्कि यहां कार्यरत महिला कर्मचारी ने ऐसा बोल कर उपभोक्ता को टरकाना चाहा। लेकिन पिछे बैठे बडे बाबू के हस्त के बाद ज्यादा डाक लेकर पंजीकृत की। यहां पर ज्यादातर दोपहर में कम ही उपभोक्ता डावघर के कार्य के लिए आते है, फिर भी महिला कर्मचारी ने उपभोक्ता को टका से जवाब देकर रवाना करना चाहा लेकिन बडे बाबू के हस्तक्षेप के बाद अन्य डाक का पंजीकृत हो पाया। उस समय डाकघर में 4-5 कर्मचारी के अलावा कोई नहीं था केवल उपभोक्ता ही अपनी डाक लेकर डाकघर पहुंचा था।

संगीत में रामलीला का मंचन आज से

पाली, (नि.सं.)। पाली के दशहरा पर्व मंचित संगीत मय रामलीला का पर्दा आज उठेगा। कमेटी के उपाध्यक्ष हीरालाल व्यास ने बताया कि पाली के दशहरा पर्व पर श्री रामलीला कमेटी व नगर निगम द्वारा , स्थानीय रामलीला मैदान के मंच पर संगीतमय रामलीला का पर्दा 5 अक्टूबर को अतिथि पाली नगर निगम अध्यक्ष रेखा राकेश भाटी, पुर्व युआईटी अध्यक्ष संजय ओझा, समाजसेवी व प्रतिष्ठित मिष्ठान व्यवसाई सुरेश पुरी, ब्रह्माण समाज के ओमप्रकाश दायमा, ताराचंद शर्मा व रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों व कलाकारों द्वारा विधि विधान से पूजा के बाद उठेगा

कैबिनेट मंत्री कुमावत का दौरा आज

पाली, (नि.सं.)। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत शनिवार को पाली जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार कैबिनेट मंत्री कुमावत शनिवार को सवेरे सुमेरपुर से रवाना होकर प्रात: 9 बजे साण्डेराव पहुंचेंगे जहां वे ठाम सेवा सहकारी समिति के नवनिर्मित गोदाम भवन का लोकार्पण करेंगे तथा सुबह 10:30 बजे बूसी में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। वे दोपहर 12:30 बजे बांगड विद्यालय पाली में राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में भाग लेंगे।

गणेश महिला मंडल का महोत्सव 11 से

पाली, (नि.सं.)।गणेश महिला मंडल का गरबा महोत्सव,11,व 12 अक्टूबर को महंत सुरेश गिरी के सानिध्य में स्टेशन रोड स्थित नगर बाबा बगीची में होगा। अध्यक्ष भाग्यवंती गहलोत ने जानकारी दी।

सफाई अभियान में नियमित रूप से कचरा हटवाएं : डाबी

जिला कलैक्टर टीना डाबी ने नवो बाड़मेर अभियान के सफाई कार्यों की समीक्षा की। फोटो-राष्ट्रदूत

बाड़मेर, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर टीना डाबी ने शुक्रवार को नवो बाड़मेर अभियान के तहत चलाए जा रहे सफाई अभियान की समीक्षा करते हुए नियमित रूप से कचरा हटवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से फीडबैक लेते हुए सफाई अभियान में सहयोग के लिए आमजन से समझाइश एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए।

जिला मुख्यालय पर कलैक्टर कॉन्फ्रेस हॉल में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान जिला कलैक्टर टीना डाबी ने कहा कि नवो बाड़मेर अभियान में सबकी भागीदारी से शहर की सफाई व्यवस्था में खासा सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि इसके बेहतर परिणाम के लिए पूर्व में जिस वार्ड की जिम्मेदारी है, वहां समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करवाएं। इसके उपरांत अन्य वार्डो में सफाई अभियान चलाया जाएं। जिला कलैक्टर ने संबंधित अधिकारियों से वार्ड वार सफाई अभियान का फीडबैक लेते हुए कहा कि वार्डो में आमजन को कचरा नहीं फैलाने के बारे में समझाइश की जाएं। साथ ही जरूरत पड़ने की स्थिति में चालान काटने एवं पाबंद करने जैसी प्रभावी कार्यवाही करवाएं। उन्होंने खाली पड़े भूखंडों में एकत्रित कचरा हटवाने एवं बबूल की झाड़ियां कटवाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के दौरान यूआईटी सचिव श्रवण सिंह राजावत, उपखंड अधिकारी वीरमा राम, कोषाधिकारी जसराज चौहान, आयुक्त विजय प्रताप सिंह समेत विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

नवो बाड़मेर में शत प्रतिशत सफाई का टारगेट - जिला कलैक्टर टीना डाबी ने नवो बाड़मेर अभियान से जुड़े अधिकारियों एवं नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों को शत- प्रतिशत सफाई अभियान का टारगेट लेकर चलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहे कि नियमित सफाई के साथ त्वरित गति से कचरे का निस्तारण करवाया जाएं। उन्होंने शहर में पर्याप्त मात्रा में डस्टबिन के निर्देश दिए।

कलैक्टर से सर्किट हाउस तक विशेष अभियान चलाएं

जिला कलैक्टर टीना डाबी ने विशेष अभियान के माध्यम से कलैक्टर से सर्किट हाउस तक सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने बाधित सड़क मार्ग को खुलवाने एवं इसकी मरम्मत करवाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

नवो बाड़मेर अभियान के तहत पूर्व में आवंटित वार्डो में 10 अक्टूबर से नए प्रशासनिक अधिकारी जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके लिए जिला कलैक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिला कलैक्टर टीना डाबी ने सफाई अभियान की निरंतरता बनाए रखने के लिए चालान काटने की कार्यवाही जारी रखने के निर्देश दिए।

ए.डी.एम. को स्काउट गाइड गतिविधियों की जानकारी दी

जालोर में अतिरिक्त जिला कलैक्टर उदयभानु चारण का सी.ओ.स्काउट सवाई सिंह राठौड़ ने स्काउट स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय, जालोर के स्काउट गाइड सदस्यों ने नवनियुक्त अतिरिक्त जिला कलैक्टर से शिष्टाचार भेंट वार्ता की।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर उदयभानु चारण का सी.ओ.स्काउट सवाई सिंह राठौड़ ने स्काउट स्कार्फ पहनाकर स्काउट गाइड रीति नियम से स्काउट गाइड परिवार के सदस्यो द्वारा स्वागत किया गया। स्थानीय संघ सचिव जालोर मुकेश सुन्देशा ने स्काउट गाइड की जालोर में आयोजित की गई गतिविधियों एवं आगामी दिनों में होने वाली स्काउट गाइड गतिविधियों राज्य पुरस्कार स्काउट गाइड प्रक्षिक्षण शिविर, जॉच शिविर, स्काउट मास्ट, कब मास्टर, गाइड केप्टन, फ्लॉक लीडर बैसिक कोर्स, जिला रैली व पर्यावरण जल संरक्षण, राज्य, राष्ट्रीय स्तरीय गतिविधियों से अवगत कराया।

देवीलाल गहलोत स्काउटर,प्रमोद दवे, दिनेश कुमार परमार, मनोज दवे, राधा चौधरीउपस्थित रहे।

वाहन चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। शहर की माता का थान पुलिस ने वाहन चोरी के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर एक गाड़ी को जब्त किया गया है।

माता का थान पुलिस ने बताया कि गत सप्ताह थाना क्षेत्र में एक घर के बाहर से बुलेट चोरी का प्रकरण दर्ज करवाया गया था। इस बारे में अब वाहन चोरी के आरोप में पाली जिले के शिवपुरा थानान्तर्गत लावेणा स्थित राइकों का बास निवासी खुमाराम उर्फ हैप्पी पुत्र बंशीलाल एवं नांदिया जाजड़ा खेड़ापा निवासी सुंदर उर्फ सुनील पुत्र पूनाराम को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर चोरी की गाड़ी को बरामद किया है। वाहन चोरी की अन्य वारदातों के बारे में पता लगाया जा रहा है। आज भी वाहन चोरी की वारदातें हो गई। देवनगर पुलिस ने बताया कि संजय ए कॉलोनी, प्रतापनगर निवासी राकेश पुत्र लालचंद चौहान की बाइक प्रेक्षा अस्पताल के पास से चोरी हो गई। इस बारे में उसने मामला दर्ज कराया। वहीं मंडोर थाने में दी रिपोर्ट में जूनी बागर महामंदिर निवासी महेन्द्र सिंह पुत्र गोविंद सिंह माली ने पुलिस को बताया कि 3 अक्टूबर की दोपहर में वह मंडोर आया था। जहां से बाइक चोरी हो गई। कुड़ी भगतासनी निवासी प्रशांत प्रजापत पुत्र प्रहलाद प्रजापत ने कुड़ी पुलिस को बताया कि 3 अकटूबर को घर के बाहर से बाइक चोरी हो गई।

खुरपका, मुंहपका टीकाकरण शुरू

बाड़मेर,(नि.सं.)। एफएम.डी मुक्त राजस्थान अभियान के तहत राणीगांव पशु चिकित्सालय की ओर से खुरपका मुंहपका टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई। इसके तहत राणीगांव एवं हमीरसिंह नगर में आयोजित शिविर के दौरान 68 पशुओं का टीकाकरण एवं पशुपालकों का ऑनलाइन पंजीयन कर पशुओं के टैग लगाए गए।

इस अवसर पर पशुपालकों को जानकारी देते हुए पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जोरावरसिंह ज्याणी ने बताया कि गाय-भैंसों को खुरपका-मुँहपका (एफ.एम.डी.) रोग प्रतिरोधक टीका लगवा कर इन्हें रोग मुक्त रखें। ताकि इनकी दुग्ध उत्पादन क्षमता बनी रहे। उन्होंने बताया कि इस रोग के मुख्य लक्षणों में मुंह से लार गिरना, जीभ पर छाले, खुरो के बीच छाले, थन एवं मादी पर छाले हो जाते है। ऐसे रोगी पशुओं को प्रभावित क्षेत्र से बाहर नहीं ले जावें, अलग से रखें एवं उसके चारे-पानी की व्यवस्था भी अलग से करें। उन्होंने कहा कि खुर एवं मुंह को लाल दवा या फिटकरी के घोल से सुबह-शाम धोएं एवं घाव में कीड़े पड़ने पर एक भाग फिनाइल तथा चार भाग मीठे तेल को मिलाकर घाव पर लगाए। साथ ही तुरंत उपचार के लिए पशु चिकित्सालय में संपर्क करें।

बाल दिवस मनाया, प्रतियोगिता आयोजित

नर्मदा कॉलोनी जालोर स्थित वात्सल्य चाईल्ड केयर होम में बाल दिवस मनाया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से 1 से 7 अक्टूबर तक मनाये जा रहे समाज कल्याण सप्ताह के तहत शुक्रवार को नर्मदा कॉलोनी जालोर स्थित वात्सल्य चाईल्ड केयर होम में बाल दिवस मनाया गया।

बाल दिवस पर बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक सुभाष चन्द्र मणि ने बच्चों कों उनकें अधिकारों के प्रति जागरूक किया एवं बच्चों को विभिन्न विभागिय योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

अधीक्षक खींवसिह राजपुरोहित ने बच्चों को बालगृह में मिलने वाली सुविधाओं के बारें में अवगत करवाया।इस अवसर पर आवासित बालकों के लिए उम्र के अनुसार प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया जिसमें बालगृह के सभी बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओ में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बालकों को पुरस्कृत किया गया।

इस मौके पर नर्सिंगकर्मी गौतम भट्ट व केयर टेकर लक्की गहलोत सहित वात्सल्य केयर होम के कर्मचारी व बालक उपस्थित रहे।

सदस्यता अभियान के कार्यों की समीक्षा

जोधपुर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी जोधपुर शहर, देहात उत्तर व दक्षिण की संयुक्त सदस्यता अभियान के कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक आज जोधपुर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन सभागार में आयोजित की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री एवं सदस्यता अभियान प्रदेश प्रभारी ऋतुराज सिन्हा, पाली सांसद पीपी चौधरी, सदस्यता अभियान की संभाग संयोजक विधायक अनीता भदेल, संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत ने कार्यकर्ताओं से आगामी 15 अक्टूबर तक अभियान की गति को और अधिक बढ़ाने का आहवान किया।

बैठक में भाजपा जोधपुर शहर जिला अध्यक्ष देवेंद्र सालेचा, भाजपा जोधपुर देहात दक्षिण जिला अध्यक्ष जगराम बिश्नोई, भाजपा जोधपुर देहात उत्तर जिला अध्यक्ष मनोहर पालीवाल, सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी, जोधपुर शहर विधायक अतुल भंसाली, बिलाड़ा विधायक अर्जुनलाल गर्ग, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष व पूर्व सांसद जसवंत सिंह बिश्नोई, पूर्व राज्यसभा सांसद रामनारायण डूडी, महापौर वनिता सेठ, जोधपुर देहात दक्षिण जिला महामंत्री डॉ. सोहन चौधरी, भाजपा किसान मोर्चा जोधपुर देहात दक्षिण के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष हरिराम देवासी, ओबीसी मोर्चा महामंत्री विजेंद्र शर्मा, भाजपा जोधपुर शहर महामंत्री डॉ. करणीसिंह खींची, भाजपा जोधपुर देहात जिला उपाध्यक्ष एवं सदस्यता अभियान के जोधपुर देहात संयोजक त्रिभुवनसिंह भाटी, जोधपुर देहात उत्तर जिला महामंत्री जसवंतसिंह इंदा, जोधपुर शहर सदस्यता अभियान संयोजक लक्ष्मीनारायण सोलंकी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष शशिप्रकाश प्रजापत, भाजपा अल्पसंख्यकमोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सिकंदर बक्स सहित तीनो संगठनात्मक जिलों के पदाधिकारी व सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सार-समाचार

ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, ठेकेदार की मौत

जोधपुर, (कासं)। बालेसर में जोधपुर-जैसलमेर नेशनल हाइवे संख्या 125 पर कस्बे के पीएचईडी ऑफिस की ओर जाने वाली सड़क पर बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से ठेकेदार की मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बालेसर सीएचसी में रखवाया और परिजनों को सूचना दी। वहीं पीएचईडी के अधिकारी और बालेसर के कई लोग अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने बताया-बालेसर कस्बे के पीएचईडी का ठेकेदार दिनेश बिश्नोई (35) बालेसर में पीएचईडी का जल जीवन मिशन का ठेकेदार है। पिछले कई महीनों से वह बालेसर में पीएचईडी का कार्य कर रहा हैं। अभी पीएचईडी ऑफिस में टंकी का कार्य चल रहा है। शुक्रवार को सुबह लगभग 10 बजे दिनेश अपने ट्रैक्टर ट्रॉली पर बजरी भरकर पीएचईडी कार्यालय साइट पर डालने जा रहा था। पीएचईडी कार्यालय जाने वाली सड़क की तरफ चढाई ज्यादा होने के चलते ट्रैक्टर पलट गया। जिसकी वजह से दिनेश नीचे दब गया। मौके पर मौजूद लोगों ने दिनेश को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर बालेसर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मोर्च्युरी में रखवाया। वहीं क्रेन की मदद से ट्रैक्टर ट्रॉली को सीधा कराया गया। मामले की जानकारी मिलने पर पीएचईडी के एक्सईएन जयसिंह, सहायक अभियंता दीनदयाल गुर्जर, कनिष्ठ अभियंता कमलेश पटेल, निखिल चावड़ा सहित सम्पूर्ण स्टाफ मौके पर पहुंचा। मृतक के परिवाजनों को ढांढस बंधवाया। घटना को लेकर शेरगढ विधायक बाबूसिंह राठौड़ ने दुख जताया।

अस्थाई अनुज्ञापत्र की लॉटरी 7 को

बालोतरा, (निसं)। जिला कलैक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बालोतरा सुशील कुमार यादव के निर्देशानुसार हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी लॉटरी द्वारा दुकानों का आवंटन किया जाएगा। उपखंड अधिकारी एवं उपखंड मजिस्ट्रेट बालोतरा अशोक कुमार ने बताया कि ०7 अक्टूबर को नगर परिषद के बी. आर. अम्बेडकर टाउन हॉल में सुबह 11 बजे अस्थाई ग्रीन आतिशबाजी अनुज्ञापत्र हेतु लॉटरी द्वारा दुकानों का आवंटन किया जाएगा। उपखंड अधिकारी एवं उपखंड मजिस्ट्रेट ने संबंधित अधिकारियों को लॉटरी से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां यथा टाउन हाल की साफ-सफाई, बिजली, पानी, लॉटरी हेतु पारदर्शी डिब्बे, स्टेशनरी व आवश्यक अन्य सामग्री की व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करने तथा उक्त प्रि या के सम्पन होने तक आवश्यक रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राप्त आवेदनों की सूची नोटिस बोर्ड पर चस्पा करते हुए आवेदकों को अपने स्तर से उचित माध्यम से सूचित करवाने के निर्देश दिए। साथ ही लॉटरी प्रक्रिया के दौरान कानुन तथा शांति व्यवस्था हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

पाली में बाइक के नीचे मिला शव

पाली, (नि.सं.)। पाली में गुरुवार शाम को एक 20-25 साल के युवक की बॉडी संदिग्ध हालात में मिली। बॉडी पर बाइक पड़ी हुई मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बॉडी को हॉस्पिटल की मॉच्र्युरी में रखवा कर उसकी शिनाख्त के प्रयास शुरू किए। टीपी नगर थाना प्रभारी अनिता रानी ने बताया की शहर के बोमदडा रोड पर सड़क किनारे झाड़ियों में युवक की बॉडी पड़ी होने की सूचना पर मौके पर पहुंचे। मृतक की उम्र 20 से 25 सालके बीच हैं। मृतक की बॉडी पर बाइक पड़ी थी। मृतक ने लोवर ओर सफेद शर्ट पहन रखा था। बॉडी क़रीब 15 से 18 घंटे पुरानी लग रही हैं। मृतक के हाथ पर बन्ना लिखा हुआ हैं। बॉडी से बदबू आना शुरू हो गई थी। पुलिस ने मृतक की बॉडी बांगड़ हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवा कर जांच शुरु की। टीपी नगर एसएचओ अनिता रानी ने बताया की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृतक की मौत का कारण सामने आएगा।

वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता शुरू

जोधपुर, (कासं)। 68 वीं राज्य स्तरीय 17/19 वर्षीय छात्र-छात्रा वर्ग विद्यालयी वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आज मयूर इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुड़ी के तत्वावधान में शाला क्रीडा संगम गौशाला मैदान मैदान में शुभारंभ हुआ। विद्यालय निदेशक ने बताया कि उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद राजेंद्र सिंह गहलोत थे। प्रतियोगिता में 900 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वेलकम थारो सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात सांसद राजेंद्र सिंह गहलोत एवं हरदयाल जी वर्मा ने अपने संबोधन से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। मार्च पास्ट के माध्यम से अतिथियों को सलामी दी गई। मुख्य अतिथि के द्वारा प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। अंत में प्रतिभागियों को सच्ची निष्ठा एवं खेल नियमों से खेलने की शपथ दिलाई गई कार्यक्रम के अंत में शेर सिंह रातडी(प्रदेश महामंत्री) ने धन्यवाद ज्ञापित किया ।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दी स्वीकृति

पाली, (नि.सं.)। सुमेरपुर क्षेत्र में 12 करोड 34 लाख रुपये की लागत से तख्तगढ में मुख्य सड़क के चौडाईकरण, फुटपाथ, सौंदर्यीकरण एवं नाला निर्माण कार्य होगा। उप मुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी ने 7 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 82 करोड़ 38 लाख रुपये लागत की 158.58 किमी लम्बाई की 146 सड़कों की स्वीकृति दी है। पाली जिले के सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र में 12 करोड़ 34 लाख रुपये की लागत से तख्तगढ में मुख्य सड़क के चौडाईकरण, फुटपाथ, सोंदर्यकरण एवं नाला निर्माण कार्य करवाया जायेगा। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को तत्काल कार्य शुरू करवाकर गुणवत्ता पूर्ण तरीक़े से समय पर कार्य पूरा करवाने के निर्देश दिए हैं।

ओरण परिक्रमा व आरती होगी

जैसलमेर, (नि.सं.)। ओरण गोचर बचाने हेतु श्री देगराय मंदिर रासला से 65 किलोमीटर की पेदल ओरण परिक्रमा हर साल की भांति रविवार 6 अक्टूबर को शुरू होगी और शाम को देगराय भोपा गांव की सरहद में आईनाथ जी के मन्दिर पर ओरण आरती होगी। भक्तों द्वारा पुजा अर्चना कर कुलदेवी मां स्वागीयां से ओरण गोचर बचाने की प्रार्थना कर सोमवार 7अक्टूबर को ओरण परिक्रमा का समापन किया जायेगा।

आम सूचना

हम छैलसिह , नरपतसिंह , मनोहरसिंह पुत्र श्री कुन्दनसिंह जातियान राजपूत निवासीगण दुदीया हाल निवासी पांचोटा तहसील आहोर , जिला जालोर (राज.) हर आम खास को सूचित करते है कि हमारी संयुक्त खातेदारी भूमि सरहद मौजा दुदिया पटवार हल्का नोसरा , तहसील आहोर के खसरा नम्बर 404 रकबा 7.3900 हैक्टर की आई हुई है । उक्त भूमि का बेचान हम ने जरिये इकरारनामा दिनांक 12/01/2022 को किशोरसिंह पुत्र धुकसिंह जाति राजपूत निवासी अजीतपुरा तहसील आहोर को किया था। उक्त इकरारनामा की पालना नही करने पर हम ने दिनांक 19/09/2024 को जरिये अधिवकता नोटिस भेजा गया लेकिन किशोर सिंह द्वारा कोई जवाब नही दिया गया । इसलिए उक्त इकरारनामा की पालना नही करने पर आज दिनांक 01/10/2024 को हम उकत इकरारनामा निरस्त करते है । आज के बाद कोई भी उक्त भूमि के बेचान ऋण आदि किसी प्रकार की खरीद फरोख्त करेगा तो वह झुठा बेअसर व नाजायज माना जायेगा ।

इति दिनांक 01/10/2024

प्रार्थी
मनोहरसिंह नरपतसिंह छेलसिंह

कार्यालय नगर परिषद् , जैसलमेर राज.345001

क्रमांक/भूमि/2024-25/1333 दिनांक -04/10/2024

प्रसारित नोटिस उजरदारी

श्री मनीष कुमार पुत्र श्री नखतमल माली जाति माली निवासी 804 सुभाष मार्ग गांधी कॉलोनी जैसलमेर द्वारा एक आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या 08 साईज 25 गुणा 100 फुट कुल 2500 वर्गफुट बाके गाधी कॉलोनी पुलिस चौकी के सामने जेठवाई रोड जैसलमेर जो की श्री विमलेश कुमार पुरोहित पुत्र स्व. श्री बाबूलाल पुरोहित जाति ब्राहमण निवासी चैनपुरा मोहल्ला जैसलमेर से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय - पत्र से क्रय किया गया है । उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री मनीष कुमार पुत्र श्री नखतमल माली जाति माली निवासी - 804 , सुभाष मार्ग गाधी कॉलोनी जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते है । अत : इस सम्बन्ध मे किसी व्यक्ति / पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नही होगा तथा नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी । सूचित रहे ।

कार्यालय ग्राम पंचायत साफांडा समिति सायला जिला जालोर

क्रमांक / बोली /2024/97 दिनांक: 01/10/2024

ई-बोली सुचना 02-04/2024-25

ग्राम पंचायत साफांडा पंचायत समिति सायला मे विभिन्न निर